**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**


**<u>11.08.2025</u>**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अहमदाबाद आंचलिक कार्यालय ने 07.08.2025 और 08.08.2025 को अहमदाबाद और मुंबई में मेघ शाह और महेंद्र शाह से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। प्रवर्तन निदेशालय ने महेंद्र शाह, मेघ शाह और अन्य के खिलाफ फेमा, 1999 के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की थी। यह जांच डीआरआई, अहमदाबाद और एटीएस, गुजरात द्वारा अहमदाबाद के पालदी स्थित महालक्ष्मी इलाके में फ्लैट संख्या 104, आविष्कार फ्लैट्स में की गई संयुक्त तलाशी में "लगभग 88 किलोग्राम विदेशी चिह्नों वाला सोना (जिसमें से लगभग 52 किलोग्राम सोने पर दुबई, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड से जुड़े विदेशी चिह्न थे)" जब्त किए जाने के मामले के आधार पर की गई थी।

ईडी द्वारा की गई ताजा तलाशी के दौरान, लगभग 15 लाख रुपये नकद, 04 लग्जरी कारें जैसे बीएमडब्ल्यू एक्स6एम, बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, बीएमडब्ल्यू 730 एलडी, बीएमडब्ल्यू 328 आई, रोलेक्स, कार्टियर आदि की कई लग्जरी ब्रांड की आयातित घड़ियाँ (कुल मूल्य 1.51 करोड़ रुपये), लगभग 40 संस्थाओं/कंपनियों के स्टाम्प और चेक बुक मिलीं और उन्हें जब्त कर लिया गया।

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।





प्रवर्तन निदेशालय

सत्यमेव जयते









